## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का माकपा ने किया स्वागत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गर्भवती बिलकिस बानो का सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा पाने वाले ग्यारह दोषियों को छूट देने की गुजरात सरकार के गैर संवैधानिक फैसले को खारिज करने के फैसले का मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने स्वागत किया है। मालूम हो कि 2002 के गुजरात सांप्रदायिक नरसंहार में इन अपराधियों ने बिल्किस बानो का बलात्कार और उनके परिवार के चौदह लोगों की हत्या कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों को दो हफ्ते के अंदर वापस जेल में सरेंडर करने को भी कहा है। सीपीएम के राज्य सचिवमंडल के सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने सजा में छूट का आदेश पारित करने की गुजरात सरकार अपने अधिकार से बाहर जाकर और वास्तव में उसने अपराधियों के साथ मिलीभगत से यह काम किया है। कोर्ट ने अपने तीखे फैसले में कहा कि यदि दोषी अपनी अपराध की सजा को टाल सकते हैं, तो समाज में शांति और एकता सिर्फ कल्पना बनकर रह जायेगी। सीपीएम नेता संजय पासवान ने कहा कि गुजरात सरकार ने कोर्ट को बताया था कि यह निर्णय केंद्र सरकार की सहमति पर आधारित था। एक तरफ 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी एलान कर रहे थे कि अब महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा मिलेगी और कोई भी दोषी नहीं बचेंगे। दूसरी तरफ गुजरात की भाजपा सरकार बिल्किस बानो के बलात्कारियों को रिहा करने का फैसला ले रही थी। उनका फूलमाला और मिठाईयों से स्वागत हो रहा था। उन्हें संस्कारी ब्राह्मण कहकर उनका महिमा मंडन किया जा रहा था। उस समय बिल्किस बानो पर क्या बीती होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न्याय के पक्ष में और गुजरात सरकार के मुंह पर सीधा तमाचा है।

## राजद का मकर संक्रांति समारोह 15 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय जनता दल, चूड़ा-दही कार्यक्रम का आयोजन झुमरीतिलैया के विशुनपुर रोड स्थित वरीय नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास में मकर संक्राति समारोह के रूप में मनाया जायेगा। मकर संक्रान्ति समारोह में जिलेभर के समाजसेवी, बुद्धिजीवी और विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों को आमंत्रित किया गया है। वहीं कार्यक्रम में राजद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शिरकत करेंगे। मकर संक्राति समारोह को लेकर राजद व्यापक तैयारी में जुट गया है। राजद के चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को विशुनपुर रोड स्थित आवास में मकर संक्राति पर भव्य मकर संक्राति समारोह मनाया जायेगा। कार्यक्रम में राजद परिवार के अलावे जिलेभर के गणमान्य और जनप्रतिनिधियों भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

## डीवीसी की नयी केंद्रीय समिति का गठन




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में डीवीसी, ईडीसीएल (एससी एसटी पंजीकृत एसोसिएशन) केंद्रीय समिति का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के ईडीसीएल कार्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें डीवीसी, ईडीसीएल के सभी केंद्रों जिसमें मेजिया, दुर्गापुर, कोलकाता, रघुनाथपुर, मैथन, चंद्रपुरा, बोकारो, तिलैया, हजारीबाग, पुरुलिया, कोनार आदि इकाई समिति शामिल हुईं। इन सबों ने आम सहमति से नई केंद्रीय समिति का चुनाव किया। नई केंद्रीय समिति का अध्यक्ष अभिरंजन कुमार (केटीपीएएस) को और महासचिव देवाशीष दास (एमटीपीएस) को आम सहमति से चुना गया। इस आयोजन में केटीपीएस के मुख्य अभियंता मानस कुमार मंडल शामिल हुए। केटीपीएएस परियोजना प्रधान और मुख्य अभियंता दिलीप कुमार सिंह और सभी अधिकारियों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। वार्षिक महासभा का आयोजन जयंतो विश्वास की अध्यक्षता में हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने बनाने में ईडीसीएल के सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा। अंत में बताते चलें कि डीवीसी, ईडीसीएल एससी/एसटी कर्मचारियों का पंजीकृत एसोसिएशन है जो एसी एसटी कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों के कार्यान्वयन और संरक्षण के लिए प्रयासरत रहती है। वार्षिक महासभा के माध्यम से पुरानी केंद्रीय समिति को भंग कर नई केंद्रीय समिति का चयन किया गया।

## हिट एंड रन के खिलाफ बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहें : सीटू



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के अंतर्गत झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और सीटू से संबद्ध टेंपु चालक संघ की बैठक मंगलवार को सरकारी बस स्टैंड में संघ के अध्यक्ष मो रफीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछले आंदोलन की समीक्षा की गयी। जिसमें आश्वासन के बाद भी ऑटो स्टैंड का आवंटन नहीं किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही ड्राइवरों के लिए बना नया काला कानून हिट एण्ड रन के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि हिट एंड रन कानून ड्राइवर के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करता है। पहले के कानून में कहा गया है कि जो कोई भी जल्दबाजी या लापरवाही से किये गये किसी भी कृत्य के चलते किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनेगा, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता, उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों दंड दिये जायेंगे। इसमें ड्राइविंग जैसा कोई शब्द ही नहीं था। आइपीसी में संशोधन के नाम पर, भोले-भाले ड्राइवरों को दस साल तक की कैद की सजा देने के लिए गलत इरादे से जल्दबाजी और लापरवाही से गाड़ी चलाने जैसे शब्द शामिल किये गये हैं। न केवल सभी ड्राइवर, आम वाहन चलाने वाली जनता और समूचे सड़क परिवहन क्षेत्र के लोग बहुत घबराहट की स्थिति में हैं और भारी दंड और जुमार्ने की तलवार लटकने के साथ-साथ हमेशा के लिए एक मानसिक तनाव में फंसने वाले हैं। बैठक में मो रफीक, राजकुमार, चंदन सिहं, हेमंत यादव, सोम बाबा, वसीम खान, विजय शर्मा, शिव कुमार रजक, मनोज पासवान, रामचंद्र पंडित, मो अख्तर, मो सुलतान, राजु यादव आदि मौजूद थे।

## स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप 13 से

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आरोग्यम परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक ने 13 से 15 जनवरी तक होने वाले 23वें झारखंड स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप हजारीबाग में संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में संपन्न होगा, जिसे सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण समितियों का गठन बास्केटबॉल एसोसिएशन के अधिकृत सभी पदाधिकारी की सर्वसम्मति से किया जा चुका है। इसके ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, ऑर्गेनाइजिंग सचिव हजारीबाग बास्केटबॉल के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक और संयोजक के रूप में हजारीबाग बास्केटबॉल के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव सी दास तथा कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार को जिम्मेदारी सौंप गयी है। चैंपियनशिप के उद्घाटन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जेपी सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई दिग्गज हस्तियां मौजूद होंगे।

# सूचना तंत्र को मजबूत बनाना और अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : डीआइजी

## अपराध पर लगाम कसने के लिए बना रहे हैं एप

**डॉ मिथिलेश**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग प्रक्षेत्र के नवनियुक्त डीआइजी सुनील भास्कर ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास का भाव जगे इसके लिये पूरी संजीदगी से काम किया जायेगा। भास्कर हजारीबाग रेंज के डीआइजी पद पर योगदान देने बाद आजाद सिपाही से खास बात चीत करते हुए उन्होंने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से काम किया जायेगा और सूचना तंत्र को और मजबूत किया जायेगा ताकि अपराध पर पूरी तरह से नकेल कसा जाये। सभी थानेदारों को जवाबदेह बनाया जायेगा। इस प्रक्षेत्र के सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक कर इसे प्रभावी बनाया जायेगा। डीआइजी ने कहा कि परंपरागत पुलिसिंग के साथ टेक्निकल पुलिसिंग को जोड़कर आम लोगों को सुविधा दिया जायेगा। क्यूआर कोड के माध्यम ये ई-बीट पेट्रोलिंग होगी। डीआइजी ने बताया कि ई-बीट पुलिसिंग के तहत जिले के हर संवेदनशील जगहों पर क्यूआर कोड लगाया जायेगा। जहां क्यूआर कोड लगा होगा वहां पर पुलिस पेट्रोलिंग अनिवार्य होगा। इससे थानों की पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है या नहीं इसकी जानकारी जिला मुख्यालय को मिलेगी। उन्होंने कहा के वे खुद पुलिस की तमाम गतिविधियों

जेओएफएस का होगा व्याक प्रचार-प्रसार पर नजर रखेंगे। डीआइजी ने कहा कि ट्रीपल लोडिंग रोकने के लिये गश्ती होगी। दो पहिये वाहनों पर तीन सवारी करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। वाहनों की निरंतर जांच होगी। जिसके पास ड्राविंग लाइसेंस नहीं होगा पुलिस उसकी रिपोर्ट डीटीओ से कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिये पांचों जिलों के एसपी के साथ बैठ करेंगे। हजारीबाग प्रक्षेत्र के सभी जिलों में अपराध पर लगाम लगाने के लिये एक ऐप बना रहे हैं। दस दिनों के भीतर एप को अपडेट हो जायेगा। वाहनों की जांच पड़ताल के लिये शिफ्ट तय करेंगे। । हर हाल में जवाबदेही तय होगी। संज्ञेय अपराध करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। पुलिस का निवारक कार्य करेगी। सूचना तंत्र को और मजबूत किया जायेगा। जिले के सभी थानों में फिर से चौकीदार परेड शुरू किया जायेगा। इससे सूचना तंत्र विकसित होगा। तकनीकी खुफिया तंत्र (टेक्निकल इंटेलिजेंस) को सशक्त बनाया जायेगा। अपराधियों को सजा दिलवाने के लिये स्पीडी ट्रायल में तेजी लायी जायेगी। नार्थ रेंज के सभी जिलों के एसपी अपराधों में स्पीडी ट्रायल करने का अनुरोध न्यायालय से करेंगे। कम्युनिटी बेस्ट पुलिसिंग किया जायेगा। थानेदार को जवाबदेह बनाया जायेगा। सिटीजन पोर्टल को प्रभावी बनाया जायेगा।

# अबुआ-आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर बीडीओ ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कटकमदाग।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुवा-आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत को प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता बर्मा ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने वैसे लाभुक जिन्होंने सरकार आपके द्वार शिविर में आवास के लिए आवेदन देने के बाद भी सुची में नाम नहीं आया था उनसे दावा आपत्ति पत्र लेकर सुची में नाम जोड़ा जा रहा है। भाजपा कटकमदाग मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव ने कहा की कार्यालय के कर्मीयों के द्वारा अबुवा-आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिसमें अमीर लोगों को सुची में जोड़ा जा रहा है जबकि गरीबों को सुची में नाम जोड़ने के लिए पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा की आवास को ऑनलाइन कर रहे कंप्यूटर आपरेटर के द्वारा लोगों से पैसा मांगा जा रहा है। अडरा निवासी गुंजा देवी पती सुकर महतो ने कहा की कंप्यूटर आपरेटर के द्वारा पैसा मांगा गया तथा कहा गया की पैसा देंगे तभी आवास का लाभ मिलेगा। बताते चलें की सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान काफी संख्या में लोगों ने आवास के लिए आवेदन जमा किया था पर उसमें कई ऐसे परिवार थे जो आवास लेने योग्य होने के बाबजूद सुची में नाम नहीं आया।

### क्या कहती हैं बीडीओ

**प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता बर्मा ने कहा की छुटे हुए योग्य लाभुकों से दावा आपत्ति लिया गया है तथा आवास की सुची में उनका नाम जोड़ा जायेगा। आपरेटर के द्वारा पैसा मांगे जाने पर उन्होंने कहा की कंप्यूटर आपरेटर को स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।**

## बरकट्ठा बाजार से बाइक की हुई चोरी

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सोमवार को साप्ताहिक बाजार में बसरिया निवासी जागेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय झखर सिंह का स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। चोरी के बाद जागेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय गुल्ली सिंह ने एक लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना को दिया। आवेदन में लिखा कि दिनांक 8 जनवरी सोमवार को बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार करने अपने चाचा स्वर्गीय गुल्ली सिंह के स्पलेंडर बाइक जेएच 02 बीसी 4687 से गया था। बाइक को मैं बाजार रोड स्थित घमंडु महतो के दुकान के समीप खड़ा कर सब्जियां व सामान खरीदने चला गया। लौटने के बाद मैंने देखा कि मेरी बाइक नहीं थी जिसे काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया। ग्राम कपका गांव में मनोज कुमार पिता मुंशी महतो के मोबाइल की दुकान में लगभग तीन लाख रुपये के मोबाइल और समान चोरी हो गया। दोनों का आवेदन मिलने पर पुलिस छानबीन कर रही है।**

# नर्सिंग होम संचालक गोलीकांड की जांच शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** नर्सिंग होम संचालक पर चली गोली मामले की जांच करने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह विष्णुगढ़ पहुंचे। घटनास्थल और विष्णुगढ़ में संचालित लक्ष्मी नर्सिंग होम आकर मामले की जांच की और सभी स्टाफ से पूछताछ की गयी। इस दौरान कई बिंदुओं पर गहन जांच की। बताते है कि गत सोमवार की शाम नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद को भेलवारा में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल किया था। घायल संचालक का इलाज रांची में किया जा रहा है, जो खतरे से बाहर बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह से पूछे जाने पर बताया कि मामले की जांच ओर अपराधियों की धर पकड़ में पुलिस लगी है बहुत जल्द अपराधी पुलिस गिरफ्तार में होंगे।

# गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह

### गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जी-टी-एस-इ-)

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जोन का सम्मान समारोह बिरसा मुंडा टाउन हॉल, नवाबगंज में मंगलवार को संपन्न हुआ। हजारीबाग जोन से सभी क्वालीफाइड और अवार्ड विनर्स स्टूडेंट के लिए यह आयोजित किया गया था। विदित है कि गोल संस्थान 26 वर्षों का अपना सफर इस वर्ष तय किया है। पिछले 14 वर्षों से इस परीक्षा का आयोजन 6 राज्यों में किया जाता रहा है। जिसमें बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा शामिल हैं। जी-टी-एस-इ- 2023 के दो चरणों के इस परीक्षा के प्रथम चरण में जहां 40,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया वहीं मेन एग्जाम में लगभग 8340 छात्र क्वालीफाई किये थे। सेमिनार के माध्यम से उन चयनित छात्रों को रिजल्ट दिया गया, वहीं जोन लेवल पर चयनित छात्रों को पुरस्कार भी दिया जा रहा है। गोल संस्थान के फाउंडर एमडी बिपिन सिंह का कहना है कि आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में स्कूल की पढ़ाई के साथ कंपीटीशन की भी तैयारी छात्र साथ में करते हैं। सभी सफल हुए छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 13 वर्षों में जी-टी-एस-इ- में सफल हुए हजारों छात्रों ने नीट, जे-इ-इ-, आइ-आइ-टी-, सिविल सर्विसेज तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हासिल किया है। करियर काउंसिलिंग की विशेष सुविधा वेबिनार के माध्यम से गोल से प्राप्त किया जा सकता है।

बिपिन सिंह छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि गोल संस्थान के तरफ से आयोजित की जाने वाली जी-टी-एस-इ- परीक्षा गोल संस्थान का (सी-एस-आर-) प्रोग्राम है जो विगत 13 वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है।

गोल धनबाद के सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने बताया कि वैसे छात्र जो मेडिकल या इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहते हैं उनके लिए जी-टी-एस-इ- के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाती है। जिसके आधार पर वह गोल के क्लासरूम प्रोग्राम में एडमीशन ले सकते हैं। साथ ही उन सभी छात्रों के लिए भी एक सुनहरा मौका है कि गोल के स्कॉलरशिप-कम-एडमीशन टेस्ट में भाग लेकर गोल के विभिन्न क्लासरूम प्रोग्राम में एडमिशन लेकर पढ़ाई कर सकते हैं।

गोल के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने गोल संस्थान की पूरी टीम को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। गोल संस्थान ने पूरे झारखंड के 24 जिलों में जी-टी-एस-इ- 2023 को आयोजित किया था।

**इन्हें मिला टैब** - वर्ग 6 के अभिनव कुमार, वर्ग 7वीं के श्वेता, वर्ग 8वीं के शौनक, वर्ग 9वीं के जूही कुमारी, वर्ग 10वीं के मोहम्मद आशिफ।

**इन्हें मिली कलाई घड़ी** - वर्ग 6 के मोहित सिंह, प्रदीप कुमार, वर्ग 7वीं के पुष्प रंजन, मंशा राज, वर्ग 8वीं के हर्ष आनंद, नीतीश कुमार, वर्ग 9वीं के वैष्णवी कुमारी, अंकिता, वर्ग 10वीं के दीपांशु कुमार, प्रीति कुमारी।

**इन्हें मिला बैग** - वर्ग 6ठीं के सत्यम राज, शिवम कुमार यादव, हर्षिका सोनी, अर्चना, विजय कुमार, नंदनी कुमारी, प्रजीत कुमार, वर्ग 7वीं के दिनकर कुमार भारती, नमन लायक, आशीष कुमार, श्वेता, उत्तम, हर्ष कुमार, आशीष कुमार, वर्ग 8वीं के हर्ष, नैतिक कुमार, मोहित राज, कुमार सूरज, मुकुल देव कुमार, श्वेता, स्मृति रानी, वर्ग 9वीं के सुधांशु कुमार, अक्षय कुमार, ऋषभ राज सुमन, सोनी कुमारी, रोशन कुमार, अमन राज, स्नेहा सिन्हा, वर्ग 10वीं के अभिनव सिंह, रौशन कुमार, सपना कुमारी, कोमल कुमारी, अंकिता गुप्ता, शिवम कुमार, अंबिका कुमारी।

इस समारोह का संचालन गोल रांची के सेंटर हेड अभिषेक ने किया तथा गोल रांची से कालीजी, शुभम, हिमांशु, रंजित तथा अन्य पदाधिकारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में पूरा योगदान किया। वैसे सभी सफल छात्र जो आज के सेमिनार में अनुपस्थित थे वो गोल संस्थान के रांची ऑफिस से अपना पुरस्कार एवं सर्टीफिकेट ले सकते हैं।

## रेणु कुमारी बनीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी मोर्चा की सचिव



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव निवासी रेनू कुमारी को कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा का सचिव बनाया गया है। यह दायित्व कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने रेणु कुमारी को सौंपा है। रेणु कुमारी ने कहा की पार्टी की एक सिपाही के रूप में कार्य करूंगी और संगठन को मजबूत बनाने में लगी रहूंगी। साथ ही कहा की पार्टी द्वारा दिये गये दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगी। रेणु कुमारी एक साल से समाजसेवा के रूप में लगी है। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस जनों में खुशी है और कई लोगों ने बधाई भी दी है।

## पांच पंचायतों में घूमा बिरसा किसान रथ



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सभी पंचायतों में बिरसा किसान रथ घुम-घुमकर किसानों को कृषि कार्य करने के बारे में बताया जायेगा जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रथ को प्रमुख संतोष मंडल और बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के द्वारा किया गया। यह रथ मंगलवार को टाटीझरिया, डहरभंगा, झरपो, भराजो और खैरा पंचायत में घुमाया गया। इस रथ के माध्यम से किसानों को केसीसी, ऋण माफी योजना, ड्रीप इरिगेसन, बीज वितरण संबंधित जानकारी कृषि विभा के द्वारा बताया गया। इसके अलावा एल ई डी का उपयोग कर फिल्म के माध्यम से मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, कृषि सचिव, कृषि निदेशक का बीडीओ दिखाया गया। ताकि कृषि संबंधित जानकारी प्राप्त हो। वही प्रमुख ने कहा कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखना है। बिरसा किसान रथ को भ्रमण कराने में कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, बीटीएम अमित मोहन, कृषक मित्र सह मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, कृषक मित्र सह विधायक प्रतिनिधि प्रवील प्रसाद, प्रकाश रवि, श्याम कुमार, निर्मल प्रसाद समेत अन्य शामिल था।

## संजय सिंह ने फागू बेसरा से की मुलाकात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा से झामुमो झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने फागू बेसरा को गुलदस्ता देते हुए झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव बनाये जाने पर खुशी का इजहार किया। मौके पर सिंह ने कहा के मुझे जो जिम्मेवारी दी गयी है उसे धरातल पर उतारने का प्रयास निष्ठा पूर्वक करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, राजा खान, राम लखन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी में एनटीपीसी ने बांटे कंबल




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा कड़ाके की ठंड और भीषण शीतलहरी को देखते हुए परियोजना से प्रभावित पेटो पंचायत में गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को मंगलवार को कंबलों का वितरण किया गया। इस अभियान में अब तक करीब 500 कंबलों का वितरण किया गया है। इस मौके पर मुखिया कौशल्या देवी भी मौजूद थी। परियोजना ने इसे पहले बिरहोर टोला, चट्टी बरियातु में 50 कंबलों का वितरण किया था। जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा सभी जरूरत ग्रामीण लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी। यह कंबल वितरण का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मौके पर परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार और दिवाकर मिश्रा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह वितरण समारोह चट्टी बरियातु द्वारा परियोजना प्रभावित गावों में वृद्ध व्यक्तियों और महिलाओं के लिए बहुत ही लाभकारी रहा है और आगे भविष्य में भी ऐसे वितरण समारोह एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए आयोजित किये जाते रहेगें।

## 28 किलोमीटर पथ का भूमि पूजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बनासो से बुडगड्डा जाने वाली पथ का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बनासो में भूमि पूजन किया। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा की हम लोगों के प्रयास से केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत बनासो बुडगड़ा पथ की स्वीकृति मिली जिसका शिलान्यास 23 मार्च को किया गया था आज भूमि पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आप सबों तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। टेकलाल बाबू के नेतृत्व काल से आज तक मांडू विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास हुआ है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं जिसके फलस्वरूप संपूर्ण भारतवर्ष में विकास की योजनाओं का धारा बही हुई है। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि बनासो से बुडगड़ा के बीच बनने वाले 28 किलोमीटर सड़क की निगरानी आप सबों को करनी है ताकि गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आवे अगर किसी प्रकार का गुणवत्ता में कमी आती है तो आप सांसद गिरिडीह और हमसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। जिससे आमजनो को लाभ मिलेगा। पूर्वी क्षेत्र के लोगो को आवागमन में सहूलियत होगी। मौके पर कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ज़िप सदस्य पूर्वी सरजू पटेल नारायण महतो, गुरु प्रसाद, आजसु के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, अनिल कुमार राय, टिकैत कुमार महतो, बनासो पसस राधा रानी आजसु के अजय मंडल के अलावा बहादुर पटेल श्रीकांत पांडेय, मंसूर अंसारी, देवशरण यादव, शेख कलू, शंभू यादव, राजा बाबू, जय कुमार, सुरेश राम, फूलचंद महतो, थानेश्वर महतो, महादेव देहाती, हरीश पटेल, जितेंद्र पटेल, वासुदेव महतो, हेमलाल महतो, विगन अंसारी, शेख कौशर, विनोद गुप्ता, कौशल महतो, शेख अजीज आदि उपस्थित थे।

# उग्रवादियों ने ट्रक को उड़ाया, चार हाइवा को किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घाघरा बिशनपुर सीमा क्षेत्र के रेहल दाग में उग्रवादियों ने सोमवार की देर रात एक ट्रक को बम से उड़ा दिया। वहीं चार हाइवा को आग लगा दी। मंगलवार की सुबह घाघरा व बिशनपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं काफी लंबे समय से शांत गुमला में उग्रवादियों ने फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। कई बड़े नक्सली के मारे जाने के और कई नक्सलियों के सरेंडर करने के बाद गुमला जिला शांत था। लेकिन उग्रवादियों ने धमाके के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। संभवतः लेवी या दहशत फैलाने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया गया। जिसके बाद माइंस के कर्मचारी व मजदूरों में भय का माहौल व्याप्त है। वही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है।





**नक्सलियों ने पर्चा में लिखा मशीनों से काम बंद करें हाथों को दें काम**

**हिंडाल्को की साइट को निशाना बनाने के बाद नक्सलियों ने वहां पर्चा छोड़कर धमकी दी। पर्चा में माओवादियों ने लिखा उत्खनन करने वाली कंपनी और ठेकेदार होश में आओ। जंगल पहाड़ में उत्खनन करना बंद करो। माइंस एरिया में जनता के मुलभूत समस्याओं को हल करो। आगे धमकी देते हुए माओवादियों ने लिखा कि मशीन से काम को बंद करे और उसके जगह यहां के लोगों को रोजगार दे। जो भी माइंस इस एरिया में चल रहा है वो हमारे संपर्क के बिना काम शुरू रखे है वो बंद कर दे। सबसे आखिर में लिखा गया है कि जो समझते है कि पार्टी खत्म हो गई है वह भूल में नहीं रहे।**

**पोस्टर में माओवादियों ने लिखा, मशीन बंद करें, मजदूरों के हाथों को दें काम:** सोमवार की देर रात नक्सलियों ने पहले हिंडाल्कों के प्रोजेक्ट पर बमबारी की। फिर वहां काम करते मजदूरों को डराया-धमकाया फिर वहां खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। गुमला-लोहरदगा के सीमा पर हुए नक्सली अटैक में कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। नक्सलियों ने हिंडाल्को प्रोजेक्ट में लगे चार हाईवा, एक ट्रक और एक पिकअप वैन सहित 8 गाड़ियों को फूंक दिया। सुबह सुबह जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो वो घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। पिछले कई दिनों से नक्सली लोहरदगा, गुमला, चतरा के इलाके में लेवी नहीं देने पर इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे है। इससे निर्माण कार्य और कई अन्य तरह के प्रोजेक्ट में काम कर रहे लोगों और कंपनी के अंदर भय का माहौल बन गया है।

# बाबूलाल मिले राज्यपाल से, कहा गांडेय में नहीं हो सकता उप चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। पिछले दिनों गांडेय विधानसभा उपचुनाव कराये जाने की स्थिति में उत्पन्न होनेवाले संवैधानिक संकट से संबंधित भेजे गये पत्र की चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को अपनी चिट्ठी की याद दिलायी, जिसमें कहा गया है कि गांडेय में उपचुनाव नहीं हो सकता, इसलिए आप इसकी जानकारी चुनाव आयोग को भी दें। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे। राज्यपाल से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक सरफराज अहमद, जो गांडेय विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दबाव देकर इस्तीफा दिलवा दिया। सरफराज अहमद पूरी तरह स्वस्थ हैं। वह देश से बाहर भी नहीं जा रहे हैं। ऐसे में उनका इस्तीफा अकारण नहीं हुआ, बल्कि मुख्यमंत्री अपनी जेल यात्रा के पूर्व लालू प्रसाद की तर्ज पर पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में गांडेय के विधायक द्वारा दिये गये इस्तीफे के तहत उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है। सेक्शन 151ए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अगर सामान्य चुनाव में एक साल से कम का समय शेष हो, तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं। कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया था कि अगर सामान्य चुनाव एक साल के अंदर होना हो, तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं। 8 जनवरी 2023 को उच्चतम न्यायालय द्वारा बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश, जिसमें एक साल की अवधि से कम समय रहने पर भी उपचुनाव कराने का आदेश दिया गया था, उस पर रोक लगा दी गयी है। कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दिसंबर 2024 में है। सितंबर-अक्तूबर से प्रक्रिया शुरू हो जाती है। जिस दिन विधानसभा क्षेत्र के नियुक्त रिटर्निंग अफसर चुनाव आयोग को विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित करके यह सार्वजनिक कर देता है कि किस दल से और कितने निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए हैं, वही तिथि विधायक के निर्वाचन की मानी जाती है। सत्ताधारी गठबंधन जनता और चुनाव आयोग को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा मिल का पत्थर साबित हो रहा है: आशा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर ।** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत मंगलवार को बिशुनपुर पंचायत के चेड़ा ग्राम में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह रांची मेयर आशा लकड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार साहू ओबीसी जिला मंत्री जगत ठाकुर एवं भाजपा मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। आशा लकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा की कल्पना हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी जो आज धरातल पर मिल का पत्थर साबित हो रहा है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए नित्य नए आयाम को छू रहा है। उन्होंने कहा वैसे किसानों को



चिन्हित कर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें केसीसी लोन देकर उनके कृषि को बढ़ावा देने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। आज किसान अपने खेतों में ड्रोन के माध्यम से दवा एवं कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं जिससे किसानों का पैसा के साथ-साथ समय की भी बचत हो रही है। आयुष्मान भारत के तहत केंद्र सरकार के द्वारा 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही आशा लकड़ा ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही पीएम आवास, प्रधानमंत्री किसान योजना, विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत के जरूरतमंद लोगों के बीच अतिथियों द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर बिल्टू लोहरा, बच्चन चौरसिया कृष्ण यादव अभिषेक रंजन सिंह रामधनी उरांव अनीश सिंह सहित के लोग उपस्थित थे।

# नशा में आकर युवा वर्ग बर्बाद हो रहा: बैजू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** सीआरपीएफ 218 बटालियन एफ कंपनी के द्वारा मंगलवार को चैनपुर थाना के सहयोग से लोरम्बा एवं डोका पाठ गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों के समक्ष कंबल, साड़ी, सोलर लाइट, खाद एवं बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर कमांडेड ने बताया कि सुदूर भारती क्षेत्र जंगल में जहां विकास योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच रहे हैं वहां के लोगों को घरेलू आवश्यकता की वस्तुएं देकर लाभ पहुंचाना सीआरपीएफ की प्राथमिकता है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रामीणों की सेवा सहयोग एवं सुरक्षा में सदैव तात्पर्य रहती है और आगे भी रहेगी। ग्रामीण हमें अपना दोस्त समझे और समाज में अशांति और दहसत फैलाने वाले देश एवं समाज के दुश्मनों के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहें जिससे हम क्षेत्र में निरंतर शांति कायम कर सके। इस दौरान डोकापाठ, लुपुंग पाठ, बेसना पाठ, भेड़ियापाठ, लोरम्बा, महेशपुर, आदि गांव से सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों को सीआरपीएफ 218 बटालियन एफ कंपनी के द्वारा दिए गए घरेलू उपयोग के समान प्रकार चेहरे खुशी से खिल उठे। इधर मौके पर उपस्थित चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने उपस्थित ग्रामीणों से नशा छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाएं गांव में महुआ शराब बनाना वह बेचना बंद करें। नशा के चंगुल में आकर हमारा युवा वर्ग बर्बाद हो रहा है नशा के कारण आए थे सड़क दुर्घटना देखने को मिलती है। नशा से परिवार बर्बाद हो जाता है। लोगों से नशा मुक्त समाज बनाने के लिए आगे आने की अपील की। मौके चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एस आई अलोक कुमार के साथ सीआरपीएफ 218 बटालियन एफ कंपनी चैनपुर पुलिस एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# स्कूटी सहित पुल के नीचे गिरने से दो युवक घायल




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जशपुर रोड स्थित सीलम पुल से स्कूटी सहित नीचे गिरने से मेन रोड निवासी ऋषभ साहू और विकास प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर परिजनों द्वारा घटनास्थल पहुंचकर दोनों घायलों को पुल से ऊपर लाया गया और ऋषभ को बाइक व विकास को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक स्कूटी से रायडीह अपने गांव गए थे। तभी वापसी के क्रम में एक ट्रक की रोशनी से चौंधिया कर स्कूटी सहित पुल से नीचे गिर गए। घटना में ऋषभ के शरीर के कई हिस्से में चोट लगी। जबकि विकास के सर व पैर में चोट लगी है। वही इलाज कर रहे डॉक्टर ने ऋषभ को सीटी स्कैन व एक्स-रे कराने की सलाह दी है। घटना के बाद परिजनों की सदर अस्पताल में भीड़ लग गई।

# ट्रक टक्कर से वृद्ध महिला हुई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** रायडीह थाना क्षेत्र के केमटे गांव निवासी 70 वर्षीय भालो देवी एक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई।भालो का दोनो पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है।पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से उसे इलाज के लिए रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां वह इलाजरत है।घटना की जानकारी भालो के परिजनों को नही मिल सकी है।जिसे लेकर भालो चिंतित व परेशान है। उसके पास मात्र 50 रुपये है। जिसके कारण वह अस्पताल के बाहर का दवा भी नही ले पा रही है। वही घटना के बावत बताया जाता है कि भालो छत्तीसगढ़ स्थित नगरा पत्थर गांव अपने भाई के घर घुमने गई हुई थी। जहां से वह ऑटो में बैठकर वापस घर लौट रही थी।मगर उसके केमटे पहुँचते ही जैसे ही वह ऑटो से नीचे उतरी एक ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। फिर उसके जमीन में गिरते ही उक्त ट्रक के डाला वाले हिस्से से दोनो पैर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ट्रक को पकड़ कर थाना ले आई। जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सागर धाम बिरकेरा में नव निर्मित हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया ।** प्रखंड मुख्यालय के दीवानटोली स्थित सामुदायिक भवन में क्रिस्टो प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में सागर धाम बिरकेरा में नव निर्मित बजरंगबली हनुमान प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को करने का निर्णय लिया गया साथ ही प्रतिमा निर्माण में किये गए कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने एवम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक कमिटी के गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में पंकज सिंह, उपाध्यक्ष जितेन्द्र भगत, सचिव दुर्गा मुंडा ,महामंत्री राजकुमार गुप्ता, सह सचिव बिंदेश्वरी लोहरा, कोषाध्यक्ष शकुंतला मिश्रा, उप सचिव गणेश गोप, आकाश कुमार का चयन किया गया। जबकि संरक्षक किष्टो प्रसाद, राजकुमार सिंह, अजय सिंह, गोकुल चंद्र सोनी, अवधेश चौरसिया, प्रेम जयसवाल, अंगद नायक, मनभरण सिंह ,सुभाष चौरसिया, नवीन मिश्रा को बनाया गया। इसके अलावे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मुकेश चौधरी, उमेश राम, टून टून सिंह, लालधर सिंह, अबीर राम, किशोर राम, मधुसूदन सिंह, देवनारायण राम, अमित राम, बिष्णु सिंह, शिव नारायण सिंह, निर्मल राम, रबीन्द्र यादव अजित राम को सर्व सम्मति से चयन किया गया ।



# महिला ने एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर ।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल रोरेल उरु निवासी एक महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। वहीं जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम महिला को अचानक पेट में दर्द शुरू हुआ। तत्काल गांव के सहिया के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा महिला को सदर अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया। इसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया।

बता दे की ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं अपना नियमित जांच नहीं कराती है। जिससे उन्हें बच्चे होने का दिन व तारीख का भी पता नहीं चल पाता है। जबकि



सभी जगह स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क है। हाल ही में सदर अस्पताल में प्रसव के उपरांत पालकोट की एक गर्भवती महिला की खून की कमी से मौत हो गई थी और भी से कई मामले हैं जहां परिजनों की लापरवाही सामने आती है। गर्भवती महिलाओं को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर हर माह नियमित जांच कराना चाहिए व दवाओं का सेवन भी करना चाहिए।

## जमीन बिक्री अनुमति रद्द करने की मांग

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया निवासी सहदेव मुंडा ,लेंगा मुंडा, विश्वकर्मा मुंडा, करी मुंडा, मंगरा मुंडा ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन देकर मौजा बसिया थाना नम्बर 50 खाता नम्बर 160 प्लॉट नम्बर 611 रकबा 1.45 एकड़ की बिक्री अनुमति रद्द करने करने की मांग की है। इस संबंध में सहदेव मुंडा ने बताया कि हमारे पूर्वजो का खातियानी जमीन मौजा बसिया खाता नम्बर 160 प्लॉट न 0611 रकबा 1.45 एकड़ है जिसमे हमलोग छह भाइयो का हिस्सा है जिसका नियमित बटवारा नही हुआ है। इसमें से एक भाई नकुल मुंडा अपने नाम से पूरा जमीन 1.45 डिसमिल को परमिशन कराना चाह रहा है। जिसका हम पांचों भाई द्वारा अंचल एवम अनुमंडल कार्यालय में लिखित आपत्ति किये है।

# आजसू छोड़ भाजपा में शामिल हुए जुम्मन खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** आजसू के बहुत ही पुराने और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पहचान बना चुके जुम्मन खान अपने समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हो गए। पूर्वी सिंहभूम अल्पसंख्यक महासभा के अध्यक्ष जुम्मन खान ने आजसू की प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा देते हुए राजधानी रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हुसैन और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए।



कमाल खान और अनवर हुसैन सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने जुम्मन खान को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में शामिल कर लिया। मौके पर जुम्मन खान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और झारखंड में बाबूलाल मरांडी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान झारखंड का निर्माण भाजपा के प्रयास से ही संभव है। इसलिए हम सभी को मिलकर राज्य के विकास के लिए भाजपा को मजबूत बनाने की जरूरत है।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में भाजपा के संगठन महामंत्री डॉ आरिफ बट और कर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे। उन्होने कहा कि जुम्मन खान के पार्टी में शामिल होने से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पार्टी मजबूत होगी खासकर इसका लाभ पार्टी को जमशेदपुर में मिलेगा। जुम्मन खान के साथ आजसू छोड़ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, मोहम्मद फिरोज, डॉ प्रभाकर और दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही है केंद्र सरकार: सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम लोहरदगा सदर प्रखंड अंतर्गत निगनी पंचायत में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओम प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी गण, अंचल अधिकारी पंचायत की मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सांसद सुदर्शन



भगत ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व में बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे भारतवर्ष में क्रियान्वित किए गए हैं। जिसके लिए भारत की जनता विगत 70 वर्षों से आशान्वित थे। आज भ्रष्टाचार मुक्त केंद्र की सरकार ने सारी योजनाओं को जनता तक सरल और सुलभ तरीके से पहुंचने का कार्य किया है। आयुष्मान भारत के माध्यम से आज कई लोग अपनी जमा पूंजी को बचा पा रहे हैं। पीएम रिलीफ फंड से कई संक्रमित इलाजों में योगदान मिल रहा है। हमारे प्रदेश की कई जनजाति महान क्रांतिवीरों को भी अब जाकर न्याय मिला है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का कार्य मोदी जी ने किया है । मोदी जी का आगमन जब भी झारखंड में हुआ है बड़े-बड़े सौगात प्राप्त हुए हैं कई बड़े योजनाओं को झारखंड की धरती से शुरूआत की है। कार्यक्रम के पश्चात सड़क दुर्घटना में हुई मौत के पीड़ित परिवार जनों से घर पर जाकर सांसद ने की मुलाकात।

